BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 26 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# तेलंगाना से पेट नहीं भरा तो आपा के साथ शराब घोटाले में शामिल हो गई बीआरएस : यादव

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत राष्ट्रवादी समिति (बीआरएस) पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी का तेलंगाना को लूटने से मन नहीं भरा था, इसलिए वो दिल्ली जाकर दूसरी भ्रष्ट पार्टी आम आदमी पार्टी (आपा) के साथ शराब घोटाले में शामिल हो गई। डॉ. यादव शुक्रवार रात तेलंगाना के हनमकोंडा-वारंगल में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और बीआरएस पर जमकर हमले किए।

उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि बीआरएस अध्यक्ष के चन्द्रशेखर राव के कारनामे यहां के लोग उनसे ज्यादा जानते हैं। श्री राव की पुत्री दिल्ली शराब घोटाले में जेल में हैं। उन्होंने कहा कि ताज्जुब इस बात का है कि कि बीआरएस का तेलंगाना को



लूटने से मन नहीं भरा था तो वो दिल्ली जाकर दूसरी भ्रष्ट पार्टी आपा के साथ शराब घोटाले में शामिल हो गई।

उन्होंने कहा कि झारखण्ड के मुख्यमंत्री जेल में हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री जेल हो आए हैं और जमानत पर हैं।

दिल्ली शराब घोटाले की आरोपी बीआरएस की कविता भी जेल में हैं। कांग्रेस का राज परिवार तो जमानत पर है ही। कांग्रेस ने 50-60 साल तक पूरे देश को ठगा और बीआरएस ने पिछले दो दशक में तेलंगाना को। कांग्रेस-बीआरएस के नेता और उनकी सरकारें भ्रष्टाचार के दलदल में अखंड डूबी हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का नया शिगूफा धर्म आधारित वोट जिहाद है। वोट के लिए कांग्रेस की ऐसी कुत्सित मानसिकता को सिरे से उखाड़ फेंकना है।

कांग्रेस दलित पिछड़ों का आरक्षण कम करके मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो वो देश भर में कर्नाटक जैसा ही आरक्षण मॉडल लागू करेंगे, लेकिन मोदी जी गारंटी देते हैं कि दलित-पिछड़ों का आरक्षण न कभी खत्म होगा और न ही धर्म के नाम पर बंटेगा।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार ने नक्सलवाद का खात्मा कर दिया है। श्री मोदी की सरकार अगले 5 साल में पूरे देश से नक्सलवाद के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी सरकार नेशन फर्स्ट के सिद्धांत पर चलती है, जबकि कांग्रेस और बीआरएस, फैमिली फर्स्ट के सिद्धांत को सर्वोपरि रखते हैं।




## गूगल मैप की मदद पड़ी महंगी, यात्रियों की कार उफनती नदी में गिरी

### हैदराबाद से केरल घूमने गया था यात्रियों का ग्रुप, बाल-बाल बचे



**हैदराबाद/कोट्टायम (केरल), 25 मई (एजेंसियां)।** हैदराबाद से केरल जा रहा एक वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन ऐप से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय एक नदी में गिर गया हालांकि उसमें सवार एक छात्रा सहित सभी मेडिकल छात्र बच गए।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक घटना शनिवार अल सुबह करीब 03.00 बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आये पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। इसी दौरान कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा।उन्होंने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है। लेकिन गूगल ऐप ने गलत तरीके से नदी की बाईं ओर मुड़ने का निर्देश दिया और वाहन नदी में गिर गई। एक छात्र पीछे की खिड़की से भागने में सफल रहा और उसने आस-पास के स्थानीय लोगों को सतर्क कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम, अग्निशमन कर्मियों और स्थानीय लोगों ने कार से तीन पर्यटकों को बचाया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रस्सी की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया। केरल में इस तरह की यह पहली घटना नहीं है। पिछले साल अक्तूबर में केरल के कोच्चि में एक कार के नदी में गिरने से दो युवा डॉक्टर्स की मौत हो गई थी। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए थे। बताया जा रहा था कि कार सवार गूगल मैप की मदद से ड्राइव कर रहे थे। तभी कार नदी में गिर गई थी। घटना के बाद, केरल पुलिस ने मानसून के मौसम के दौरान मैप का उपयोग करने के लिए सावधानी दिशा-निर्देश जारी किए थे।

## तेलंगाना के राज्यपाल ने रांची में वोट डाला



हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेलंगाना और झारखंड के राज्यपाल एवं पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने शनिवार को रांची में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डाला।

अन्य मतदाताओं के साथ कतार में खड़े होकर और वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए राज्यपाल ने लोकतंत्र और सभी मतदाताओं की समानता की भावना का उदाहरण दिया। राजभवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने अपना वोट डालने के बाद सभी नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट डालने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, मतदान हमारे और हमारे देश के प्रति हमारा एक कर्त्तव्य है। वोट हमारे लोकतंत्र में सबसे शक्तिशाली उपकरण है। राज्यपाल ने सभी पात्र मतदाताओं से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल बुकिंग में प्रीविलेज कार्ड धारकों को मिलेगी 10% छूट






**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल द्वारा प्रीविलेज कार्ड पर अग्रवाल समाज के सदस्यों के लिए बैंक्वेट हॉल बुकिंग पर 10 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। यह सुविधा सदस्यो के लिए 1 जून से लागू हो जाएगी।सभा में बैंक्वेट हॉल के अध्यक्ष राकेश कुमार जालान, उपाध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, मानद मंत्री सूर्य कमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकेश कुमार केशान, परामर्शदाता कैलाश चंद केडिया, अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम अग्रवाल, मानद मंत्री कपूर चंद गुप्ता, संयुक्त मंत्री श्रीमती कंचन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अंजनी कुमार अग्रवाल, बैंक्वेट हाल के ट्रस्टी राजेन्द्र जालान, नितिन अग्रवाल, सतीश कुमार अग्रवाल, रजनीश केशान, धीरज कुमार अग्रवाल, सुधीर कुमार जैन, मनोज कुमार मित्तल, मनीष तालुका, रूपेश अग्रवाल, आशीष दोचनिया, उमेश अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, संदीप मित्तल, विकास हिसरिया, अंकित गुप्ता, हर्ष अग्रवाल, अनुज गर्ग, प्रदीप अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद बंसल, जय कुमार अग्रवाल, सतनारायण अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पवन टिबरेवाल, प्रशांत धन्नावत, आदि उपस्थित थे।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव का होटल काकतिया आईटीसी में विध्यांचल ब्राह्मण सेवा संघ द्वारा पुष्पहार एवं शॉल से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में राजेश करवा संघ अध्यक्ष, सुनील कुमार पाण्डेय उपाध्यक्ष, रामशिरोमणि तिवारी सचिव, नीरज तिवारी, कमलेश त्रिपाठी, सतीश त्रिपाठी, वेदप्रकाश तिवारी, आचार्य सत्यप्रकाश, राजेश पयासी एवं संदीप प्रियांशु पाण्डेय।



अयोध्या धाम मे रामलला के दर्शन करते हुए लव फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी रिद्धिश जागीरदार, तोरल जागीरदार एवं अन्य।



गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा श्री समर्थ कामधेनु गौशाला जियागुड़ा में आज रविवार को श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमे कोलकाता से आए गायक मनीष शर्मा जी का स्वागत किया गया एवं श्री श्याम मंदिर काचीगुड़ा में दर्शन किया गया। इस वासर पर यश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, उत्साह कनोडिया, नमन कनोडिया आदि उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप के 484वें जन्मोत्सव पर होगा शोभायात्रा का आयोजन

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** वीर क्षत्रिय राजपूत समिति (वीकेआरएस) के नेतृत्व में महाराणा प्रताप की 484वीं जन्म जयंती पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कार्यकारिणी बैठक में संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर सतीश सिंह कहा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से हैदराबाद में लगातार महाराणा प्रताप सिंह की विशाल शोभा यात्रा राजपूत युवा संगठन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। इस बार इस शोभायात्रा को और आकर्षित करने के लिए नासिक से ढोल



101 मेंबर को बुलाया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोशामहल विधायक टी राजा सिंह और भी कई समाज के अध्यक्ष, कई राजनीति दल के सदस्य रहेंगे। शोभायात्रा महाराणा प्रताप पार्क आगापुरा से सायं 5:01 बजे प्रारंभ होगी और मंगलहाट से होते हुए बुद्ध सिंह बैठक,फिर एसके जिम से रहीमपुरा ग्राउंड और समापन गोडला मठम में होगा। अथिति सम्मान समारोह शाम 7:30 बजे और भोजन रात 8 बजे गोड़ला मठ्म में होगा। मीटिंग में सभी कार्यकारिणी सदस्य ने हैदराबाद में उपस्थित सभी हिंदू प्रेमी और समाज बंधुओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लव फॉर काऊ फाउंडेशन की टीम द्वारा फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो द्वारा स्वागत-सम्मान करते हुए चेयरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी तरुण महेता, मुकेश जैन चौहान, रामरेड्डी, भाजपा मध्यप्रदेश के सचिव राहुलजी कोठारी एवं अन्य।

## गीत चांदनी की मूल्यांकन गोष्ठी आज

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगरद्वय के कवियों की सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चांदनी की प्रतिमास अंतिम रविवार आयोजित होने वाली मूल्यांकन कवि गोष्ठी रविवार दोपहर 1 बजे से मोज़मजाही मार्केट स्थित आरोग्य अस्पताल कॉम्प्लेक्स के सेलार सभागृह में आयोजित होगी। सेवानिवृत्त वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी व आर्य प्रतिनिधि सभा हैदराबाद के पदाधिकारी ठाकुर दिनेश सिंह अध्यक्षता करेंगे। आरोग्य अस्पताल के डॉ. मोहन गुप्ता, मिलिंद प्रकाशन के संचालक व हिंदी सेवी श्रुतिकांत भारती और गीत चांदनी के अध्यक्ष व गीतकार चंपालाल बैद बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित रहेंगे। गीत चांदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय कार्यक्रम का संचालन करेंगे।

मूल्यांकन कवि गोष्ठी में रोहतक (हरियाणा) से विगत 20 से संपादक उमेश सिंह शर्मा के संपादन में प्रकाशित होने वाली पाक्षिक पत्रिका आर्य प्रतिनिधि के मई, 2024 (प्रथम पक्ष) में प्रकाशित अंकपर हैदराबाद के विद्वान साहित्यकार चर्चा करेंगे।

# अवैध कब्जा करने वालों का साथ देने वाले अफसरों हो कार्रवाई : भाजपा

## मंदिर की जमीन कब्जाने के मुद्दे पर बोले भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. कोत्तापल्ली श्रीनिवास



**कागजनगर, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कागजनगर कस्बे में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा और बजरंग दल के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. कोत्तापल्ली श्रीनिवास ने कहा कि रशीद नाम का एक व्यक्ति कागज नगर मंडल के जगन्नाथपुर उपनगर में भीमन्ना मंदिर से संबंधित असाइनमेंट भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, उस व्यक्ति के स्वामित्व वाली चार एकड़ जमीन के बदले में उसने दस एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया और एमआरओ और आरडीओ के साथ मिलीभगत से मंदिर की जमीन पर भी कब्जा कर लिया। जब बजरंग दल के नेताओं को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने ग्रामीण सीआई रामबाबू के समक्ष इस मुद्दे को उठाया और उन्हें तत्काल इस मामले में उचित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि इस मुद्दे को हल किया जाए और यह दोबारा इस तरह का कोई मामला न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए जिला कलेक्टर और जिला एसपी की पहल करनी चाहिए।

प्रेस वार्ता में बजरंगदल जिला संयोजक शिव गौड़, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कोंगा सत्यनारायण, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ईरला विश्वेश्वर राव, तालुका संयोजक वीरभद्र चारी, जिला कोषाध्यक्ष अरुण लोया, शहर अध्यक्ष सिंगम श्रीनिवास, एडवोकेट विजय कोनेरू, सीताराम चेराला, राला श्रीनिवास, अन्य भाजपा नेता बजरंगदल नेता और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# तीन दिवसीय फैशन एवं लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 11 जून से



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हाईलाइफ की तीन दिवसीय फैशन एवं लाइफस्टाइल प्रदर्शनी आगामी 11 से 13 जून, 2024 तक हाईटेक सिटी स्थित एचआईसीसी नोवाटेल में आयोजित की जाएगी।

हाईलाइफ प्रदर्शनी के आयोजन से पूर्व आयोजित कर्टनरेजर कार्यक्रम में शनिवार को प्रदर्शनी का पोस्टर जारी करते हुए तिथियों की घोषणा की गयी।

अभिनेत्री अमिष्का, अर्पिता एवं श्रेया के साथ शहर की प्रमुख मॉडलों ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए डिज़ाइनरों के परिधान एवं आभूषणों का प्रदर्शन किया।हाईलाइफ की यह प्रदर्शनी ग्रीष्मकालीन फैशन तथा वेडिंग स्पेशल के रूप में फैशन प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। उक्त प्रदर्शनी में फैशन, ग्लैमर तथा उत्सवों के लिए अपनी पसंद की चीजें खरीदने के लिए उत्तम विकल्प उपलब्ध होंगे। हाईलाइफ प्रदर्शनी नियमित रूप से 350 से अधिक डिज़ाइनरों को प्रदर्शनी में प्रस्तुत करती है, जिससे हैदराबाद में खरीदारों को चुनने के लिए व्यापक विकल्प मिलते हैं।

रचनात्मक फैशन परिधान, दुल्हनों के परिधान, एक्सेसरीज, आभूषण, लक्जरी वस्तुएँ तथा घरेलू साज-सज्जा की वस्तुओं के कलेक्शन प्रदर्शनी में पेश किये जाएँगे। आयोजकों के अनुसार, इस बार पारंपरिक एवं पाश्चात्य शैली के परिधानों के साथ कई नये डिज़ाइनर प्रदर्शनी में हिस्सा लेंगे।

# महिला को झांसा दे सोने की चेन और छह हजार रुपए ले उड़े बदमाश



**सिरपुर कागजनगर, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम जिला कागजनगर में शनिवार सुबह दो लोगों ने एक महिला को झांसा देकर उसके गले से ढाई तोले की सोने की चेन और पर्स से छह हजार रुपए लूट लिए। कागजनगर के कापूवाडा पेद्दावागू रोड की बिजली अचम्मा कुछ दिन पहले खम्मम गई थीं। शनिवार अल सुबह करीब दो बजे वह कागजनगर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरीं। अंधेरा होने के कारण अचम्मा और पोती वहीं कीर्तन में बैठ गईं। इसी बीच उसके पास आए दो लोगों ने उसे पटरी पार करने को कहा और आगे चल दिए। पटरी पार करने के बाद जैसे ही वह फुटओवर ब्रिज के पास पहुंची, वे दोनों महिला के गले से ढाई तोले की सोने की चेन और पर्स में रखी नकदी लेकर भाग गए। इस दौरान अचम्मा घायल हो गईं और उनके सिर पर चोटें आईं। महिला और बच्ची चिल्लाई तो आसपास के लोग आ गए। तुरंत रेलवे पुलिस को सूचना दी और शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा कागजनगर टाउन पुलिस स्टेशन में टाउन सीआई टुथुर शंकरैया ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और कांस्टेबलों को साथ जाने और सीसीटीवी कैमरों की जांच करने का आदेश दिया।

# टास्क फोर्स के अधिकारियों ने 70 किलो नकली कपास के बीज जब्त किए



**कागजनगर, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद एसपी के. सुरेश कुमार के आदेश के अनुसार टास्क फोर्स के अधिकारियों ने जिले के विभिन्न मंडलों में नकली कपास के बीज बेचे जाने की पुख्ता जानकारी के आधार पर बेजूर मंडल के सोमिनी गांव में 70 किलोग्राम नकली कपास के बीज जब्त किए।

टास्क फोर्स सीआई राणा प्रताप के अनुसार जानकारी मिली थी कि प्रशांत पुत्र बिच्छू को के पास नकली बीटी 3 कपास के बीज हैं।

जब उससे इस बारे में पूछताछ की गई तो उसने कहा कि वे बेजूर मंडल में उसके पैतृक गांव सोमिनी में उसके ही घर में थे। जब उसे जांच के लिए सोमिनी गांव स्थित उसके ही घर ले जाया गया तो दो बैग में 70 किलो नकली बीटी 3 कपास के बीज मिले। उसने बताया कि उसने इसे तीन लोगों चपिले पुरूषोत्तम, गंगापुर गांव, चिंथलामनेपल्ली मंडल, बोलाबोइना अशोक, ग्राम भूपालपट्टनम, सिरपुर टी मंडल और बोलाबोइना कृष्णा, भूपालपट्टनम, सिरपुर चाय मंडल से खरीदा है।

बीज को उन्होंने पकड़ कर बेज्जूर थाने को सौंप दिया। सीआई ने चेतावनी दी कि जिले में निर्दोष किसानों को धोखा देने वालों और नकली कपास बीज बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में सीआई राणा प्रताप, एसआई वेंकटेश, कांस्टेबल वी. मधु, पी. रमेश एवं वेंकटेश ने भाग लिया।



हैदराबाद आगमन पर मध्य प्रदेश के डॉ. मुख्यमंत्री मोहन यादव का सम्मान करते हुए भाजपा नेता गोविंद नारायण राठी, मनोज जायसवाल एवं सुमित राही।

# चोरी के आरोप में सात लोग गिरफ्तार



**मंचेरियाल, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** चोरी के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

रामागुंडम के पुलिस आयुक्त एम. श्रीनिवास ने कहा कि मंचिरयाल जिले में चोरी के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

शनिवार को आयोजित मीडिया कांफ्रेंस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरोपियों के पास से 9,22,000 मूल्य के सोने के आभूषण, 60,000 रुपए की चांदी, एक एलईडी टीवी, होम थिएटर, 3 सेल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक गिटार जब्त किया गया।

# शी टीम ने आयोजित किया जागरूकता सम्मेलन कार्यक्रम



**आसिफाबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आसिफाबाद शी टीम प्रभारी सुनीता ने कहा कि शी टीमें लड़कियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।

जिले के एसपी के. सुरेश कुमार, गरला मंदाना मय खैरगांव ग्राम रेबेना मंडल शी टीम ने एक जागरूकता बैठक की। इस मौके पर सुनीता ने कहा कि अगर कोई भी छात्र-छात्रा व महिला हिंसा, छेड़खानी व साइबर अपराध का शिकार हो तो तुरंत संपर्क करें। उन्होंने कहा इस स्थिति में पीड़ितों को टीम से संपर्क करना चाहिए। यह भी बताया गया है कि किसी भी आपात स्थिति में डायल 100 पर कॉल की जानी चाहिए। उन्हें 8712670564 पर टीम आसिफाबाद से संपर्क करने की सलाह दी गई है। इस कार्यक्रम में एम प्रकाश प्रबंधन, शी टीम के सदस्य और श्रीलता स्वप्ना ने भाग लिया।

# स्कूल यूनिफार्म पांच जून तक विद्यार्थियों में वितरित कर दी जाए : दीपक तिवारी

**आसिफाबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला अतिरिक्त कलेक्टर (स्थानीय निकाय) दीपक तिवारी ने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष में स्कूल 12 जून को फिर से शुरू होंगे और इस क्रम में 5 जून तक छात्रों को यूनिफॉर्म के कपड़े बनाकर वितरित किए जाने चाहिए।

जिला ग्रामीण विकास अधिकारी सुरेंद्र, अतिरिक्त परियोजना प्रबंधक रामकृष्ण सहित अधिकारी, सहायक परियोजना प्रबंधक, आईकेपी, सामुदायिक समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इस अवसर पर जिला अपर समाहर्ता ने कहा कि अगले शैक्षणिक वर्ष के तहत 12 जून को स्कूलों के दोबारा खुलने के मद्देनजर सभी स्कूलों को एक समान पोशाक उपलब्ध कराई जाए, जिसे 5 जून तक छात्रों के बीच वितरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में वर्दी के कपड़े बनाने के लिए 78 सिलाई केंद्र स्थापित किए गए हैं और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए अवसर प्रदान करने का कार्यक्रम चलाया गया है, जिससे महिलाओं को रोजगार मिल सके। सिलाई केन्द्रों में यूनिफार्म ड्रेस निर्माण की चल रही प्रगति पर लगातार निगरानी की जानी चाहिए।

# खदानों में श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा की निगरानी करनी चाहिए : कलेक्टर



**आसिफाबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि अधिकारियों को सिंगरेनी निगम के अधिकार क्षेत्र के तहत जिले की सतही खदानों में श्रमिकों के कल्याण और सुरक्षा की निगरानी करनी चाहिए। महाप्रबंधक नरेंद्र और परियोजना अधिकारी सत्यनारायण ने शुक्रवार को जिले के तिरयानी मंडल के कैरीगुड़ा सतह खनन परियोजना का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश को रोशनी देने वाली सिंगरेनी का इतिहास काफी पुराना है और समय-समय पर तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों के साथ कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कदम उठाये जाने चाहिए। श्रमिकों के कल्याण के लिए उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ श्रमिकों के कल्याण के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक तरीके अपनाए जाएं।

# कांग्रेस एमएलसी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताएं : भास्कर रेड्डी



**यादाद्री भुवनगिर, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कांग्रेस मंडल पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष चादा भास्कर रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस एमएलसी उम्मीदवार तीनमार मल्लन्ना को भारी बहुमत से जिताना चाहिए। शनिवार को तुर्कापल्ली मंडल केंद्र में एक प्रचार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि नलगोंडा, खम्मम और वारंगल के मतदाताओं से कहा कि वे अपनी पहली वरीयता का वोट कांग्रेस उम्मीदवार तीनमार मल्लन्ना को दें और उच्चतम बहुमत से जिताएं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एलागाला राजैया, जिला महासचिव कोमिरिशेट्टी नरसिम्हुलु, अलेरू बाजार समिति के पूर्व अध्यक्ष धनावत शंकर नाइक, एसटी सेल के जिला अध्यक्ष धनावत भास्कर नाइक, मंडल उपाध्यक्ष राजाराम नाइक, युवा कांग्रेस के जिला महासचिव पासुला सत्यनारायण, तुर्कापल्ली शहर के अध्यक्ष बोरेड्डी महिपाल रेड्डी , सीता नरसिम्हू यादव, नेतागण एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# अम्मा आदर्श विद्यालयों का कार्य जल्द पूरा किया जाए : श्यामसुंदर



**यादाद्री भुवनगिर, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंडल के विशेष अधिकारी एवं एससी कॉर्पोरेशन के ईडी जनुकला श्यामसुंदर ने कहा कि अम्मा आदर्श स्कूल का काम जल्द पूरा होना चाहिए। शनिवार को उन्होंने तुर्कापल्ली मंडल के दत्तईपल्ली, इब्राहिमपुर, वेल्पुपल्ली, जग्गारेड्डी कुंटा थांडा, वेंकटपुर, मुलकलापल्ली, जेठीराम थांडा और पेद्दा थांडा गांवों में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति का कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिए। बाद में, उन्होंने तुर्कापल्ली और वसालामरी गांवों में वाडला खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया। लकड़ी की खरीदारी शीघ्र पूरी करने तथा जहां आवश्यक हो वहां अधिक मजदूर लेने तथा समय पर लकड़ी की खरीदारी पूरी करने का आदेश दिया गया। उन्होंने तुर्कापल्ली मंडल केंद्र में स्कूल यूनिफॉर्म सेंटर का दौरा किया और कहा कि यूनिफॉर्म का काम जल्द पूरा कर स्कूल को मुहैया कराया जाए। इस कार्यक्रम में एमपीडीओ झाँसी लक्ष्मीबाई, एपीएम यादगिरी, सीसी बाला नरसैया, परशुराम, सीआरपी भास्कर, चंदू आप अध्यक्षों, पंचायत सचिवों ने भाग लिया।

### भयमुक्त माहौल में कश्मीरियों ने मनाया चुनाव-पर्व

# अनंतनाग-राजौरी ने तोड़ा अपना पुराना रिकॉर्ड



**जम्मू, 25 मई (ब्यूरो)।** अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र ने इस बार मतदान के अपने पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस संसदीय क्षेत्र में 52 (51.97) प्रतिशत मतदान हुआ। अनंतनाग-राजौरी सीट में पांच जिलों के 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। महबूबा मुफ्ती ने ईवीएम से छेड़छाड़ का आदतन आरोप लगाते हुए कुछ देर धरना दिया, उसके बाद अपना वोट डाला।

साल 2019 में इस सीट पर 9.7 फीसदी वोटिंग हुई थी। इस बार महज चार घंटों में ही साल 2019 के मतदान का रिकॉर्ड टूट गया था। यहां 18.36 लाख मतदाताओं ने 20 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला किया। महबूबा मुफ्ती और उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने भी अनंतनाग में मतदान किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र रैना ने नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा सेक्टर में अपना मतदान किया। भाजपा ने इस सीट से अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। भाजपा ने अनधिकृत तौर पर अपनी पार्टी को समर्थन दिया है।

रवींद्र रैना ने रिकॉर्ड-तोड़ मतदान प्रतिशत पर कहा कि यह बंपर वोटिंग देश के लोकतंत्र की जीत है।

1990 के बाद से मतदान का प्रतिशत कश्मीर के अन्य क्षेत्रों की तुलना में हमेशा कम रहा है। इस बार उम्मीद 55 से 60 प्रतिशत तक मतदान की है। अगर बात पिछले आंकड़ों की करें तो वर्ष 2019 अंनतनाग संसदीय क्षेत्र मात्र 9.7 प्रतिशत मतदान हुआ था। वर्ष 2017 में तत्कालीन सुरक्षा परिदृश्य को देखते हुए उपचुनाव रद करना पड़ा था।

एलओसी से सटे अंतिम मतदान केंद्र पर मतदाताओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखा गया। इस केंद्र पर 854 वोटर हैं। मतदाताओं ने कहा कि पहली बार बिना किसी डर के मतदान हो रहा है। मतदान के चलते सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एलओसी पर अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। साथ ही सुरक्षा बलों की तरफ से अग्रिम इलाके पर गश्त भी की जा रही थी, ताकि मतदान में किसी भी तरह की खलल न डाली जा सके।

## सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर



**बीजापुर, 25 मई (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान को लगातार सफलता मिल रही है और शनिवार को फिर पुलिस-नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गयी हैं। अभी भी मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका और कमकानार जंगलों के बीच मुठभेड़ चल रही है।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, मुठभेड़ जारी है। अंदर से जो भी जानकारी आएगी हम शेयर करेंगे।

मिली जानकारी के मुताबिक, माओवादियों की सप्लाई टीम इंजार्च, भैरमगढ़ एसीएम सहित 20 से 25 माओवादियों के जमावड़ा की सूचना पर डीआरजी की टीम उनकी तलाश में निकली थी। इस दौरान मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हुईं हैं। पुलिस के जवानों ने घटना स्थल से एक पिस्टल और 12 बोर हथियार समेत कई नक्सली सामग्री भी बरामद की है। क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवान अपने अभियान में लगे हैं।


## 111 नायब तहसीलदारों की नियुक्त के आदेश जारी

**अजमेर, 25 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में राजस्थान राजस्व मंडल ने शनिवार को 111 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति के आदेश जारी किये हैं। ये नवनियुक्त नायब तहसीलदार 27 मई से अजमेर में जयपुर रोड घूघरा घाटी स्थित राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र (आरआरटीआई) में प्रशिक्षण ग्रहण करेंगे।

राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद ने बताया कि राजस्थान राज्य अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2021 के परिणाम के आधार पर राजस्थान लोकसेवा आयोग अजमेर की अनुशंसा एवं राज्य सरकार के अनुमोदन के पश्चात राजस्थान तहसीलदार सेवा नियमावली 1956 के नियम 34 के तहत सफल रहे अभ्यर्थियों में से 111 को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नायब तहसीलदार के पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री प्रसाद ने बताया कि इन प्रशिक्षणाधीन अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में विभागीय परीक्षा अनिवार्यतः उत्तीर्ण करनी होगी। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थी 27 मई को सुबह साढ़े नौ बजे से आरआरटीआई अजमेर में अपनी उपस्थिति देंगे। उपस्थित होने की तिथि को ही उनकी कार्यग्रहण तिथि माना जाएगा।

उन्होंने बताया जिन अभ्यर्थियों ने आधारभूत पाठ्यक्रम पहले से उत्तीर्ण कर लिया है, वे आधारभूत पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने की अंकतालिका कार्यग्रहण के समय आरआरटीआई अजमेर को प्रस्तुत करेंगे। कार्यग्रहण अवधि के साथ दिन पश्चात भी उपस्थिति दर्ज नहीं कराने अथवा विभाग को सूचित नहीं करने वाले अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त समझी जायेगी।



## शराब ठेके में बदमाशों ने लगाई आग सो रहे कर्मियों ने भागकर बचाई जान



**जोधपुर, 25 मई (एजेंसियां)।** जिले के लूणी पुलिस थाना क्षेत्र के रोहिचा खुर्द में संचालित होने वाली एक शराब के ठेके में बीती रात बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग लगने से ठेके के अंदर सो रहे कर्मचारीयों ने भागकर अपनी जान बचाई। पेट्रोल के कारण कुछ ही देर में पूरा ठेका आग की चपेट में आ गया और अंदर रखी लाखों रुपये की शराब और सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। शराब ठेके के कर्मचारियों ने आरोपियों के खिलाफ लूणी थाने में मामला दर्ज करवाया है।

लूणी पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार रोहिचा खुर्द लोकेशन पर संचालित होने वाली शराब की दुकान के सेल्समैन जीत-ूराम ने थाने में मामला दर्ज कर बताया कि रोजाना की तरह शुक्रवार रात को वे 8 बजे शराब की दुकान को बंद कर घर चला गया था। दुकान पर दो कर्मचारी अचल सिंह और रामू दुकान के पीछे ही सो रहे थे।

रात को करीब 12 बजे धीरेंद्र सिंह, भरत सिंह, सुमेर सिंह और युवराज सिंह शराब के ठेके पर आए और सो रहे कर्मचारियों पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने शराब की दुकान पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। घटना के बाद आरोपी मौके पर फरार हो गए। इसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण व फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। इस आग में दुकान में रखी करीब 3.50 लाख रुपए की शराब जल गई। पीड़ित ने बताया कि आरोपी पिछले कई दिन से उन्हें परेशान कर रहे थे। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है।

## हनुमान मंदिर का ताला तोड़ नकदी सहित अन्य सामान चोरी

**अलवर, 25 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अलवर जिले राजगढ़-माचाडी सड़क मार्ग स्थित छाहर्रीन धाम हनुमान मंदिर का दान-पात्र का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नकदी चुरा ली।

पुलिस के अनुसार छाहर्रीन धाम विकास समिति के अध्यक्ष एवं महंत पं रामावतार शर्मा ने मामला दर्ज करवाया की छाहर्रीन धाम हनुमान मंदिर के दीवार में लगे दान-पात्र का ताला अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार की रात ताला तोड़ दान-पात्र में रखी राशि करीब 8-10 हजार रुपये को चुरा ले गये। रिपोर्ट में बताया कि दान-पात्र एक महीने में एक बार खोला जाता है, जिसमे कभी नौ हजार कभी 10 हजार की राशि निकलती है। इसे आरोपी तोड़कर निकाल ले गये। रिपोर्ट में कहा कि वे प्रतिदिन की तरह शनिवार को भी प्रातः पांच बजे पूजा करने गये तो पाया की दान-पात्र का ताला टूटा हुआ मिला, एवं दान-पात्र में कुछ नहीं मिला।

पूर्व में भी मन्दिर के दान-पात्र के ताले टूटने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।














**मौसम हैदराबाद**

अधिकतम : $39^0$
न्यूनतम : $28^0$

## लॉकअप में आत्महत्या मामले में पूरे थाने का स्टाफ लाइन हाजिर





**अजमेर, 25 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में अजमेर संभाग के ब्यावर जिले में जैतारण थाना के लॉकअप में फांसी का फंदा बनाकर युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में थाना के पूरे स्टाफ को लाइन हाजिर कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतारण थाने में एक युवक को युवती के अपहरण करने के आरोप में हिरासत में लेकर लॉकअप में रखा गया था, जहां उसने अर्द्धरात्रि के बाद कंबल को काट फांसी का फंदा जाली के सहारे लगाया और उस पर झूल कर जीवनलीला समाप्त कर ली थी। घटना शुक्रवार तड़के 3.15 की बतायी जा रही है।

पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह चौधरी ने थाने के लॉकअप में घटित इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए पूरे थाने को लाइन हाजिर कर दिया। मृतक के परिजनों ने निष्पक्ष जांच की मांग की थी। परिजनों ने मृतक को उकसाने का आरोप लगाया था। उसके बाद पुलिस अधीक्षक ने बड़ा एक्शन लेते हुये पूरे थाने को लाइन हाजिर कर दिया।

उल्लेखनीय है कि चांवडिया कला गांव निवासी राकेश सीरवी (30) को एक युवती को अपहरण करने के मामले में गिरफ्तार किया था।

## पूर्व जन्म में यादव वंश से थे मोदी : स्वामीयार



**तिरुवनंतपुरम, 25 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पिछला जन्म भगवान कृष्ण के यादव वंश में हुआ, जो स्पष्ट रूप से हिंदू धर्म में पुनर्जन्म की अवधारणा को प्रतिबिंबित करता है, यानी की श्री मोदी पिछले जन्म में यादव थे।

केरल में स्थित दुनिया के सबसे अमीर श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर के सर्वोच्च आध्यात्मिक अधिकारी पुष्पांजलि स्वामीयार ने यह कहा है। उनका यह बयान श्री मोदी के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें भगवान ने पृथ्वी पर भेजा है और वह जो भी करेंगे, उसमें भगवान उनका मार्गदर्शन करेंगे। पूरणमिकवु मंदिर पर हाल ही में जारी कॉफी टेबल बुक में पुष्पांजलि स्वामीयार ने लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने आज हमारे देश को दुनिया के शीर्ष पर पहुंचाया है, और गृह मंत्री अमित शाह, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, सभी पूर्व जन्म में भगवान कृष्ण के यादव वंशज थे।

त्रावणकोर रियासत के वास्तविक धार्मिक प्रमुख माने जाने वाले पुष्पांजलि स्वामीयार ने तीन महीने पहले प्रकाशित पुस्तक में कहा है, यह एक ऐतिहासिक सत्य है कि यादव वंश के शासक राष्ट्र के लिए बहुत गौरव और समृद्धि लाते हैं।

उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने 14 मई को वाराणसी में समाचार चैनल से कहा था कि जब उनकी मां जीवित थीं, तो वह सोचते थे कि उनका जन्म जैविक रूप से हुआ है। अपनी माँ के निधन के बाद अपने सभी अनुभवों पर विचार करने पर विश्वास हो गया कि उन्हें भगवान ने भेजा है। श्री मोदी ने कहा था कि उनकी ऊर्जा उनके जैविक शरीर से नहीं, बल्कि ईश्वर ने उन्हें प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि भगवान ने उन्हें क्षमता, शक्ति, पवित्र हृदय और अच्छे इरादों की प्रेरणा दी है। वह एक साधन के अलावा और कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि भगवान उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं।

पुष्पांजलि स्वामीयार ने अपनी पुस्तक में लिखा, जब गुजरात में भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका समुद्र में डूब गई, तो कई यादव वहां से भाग गए।

द्वारका से पलायन करने वाले यादवों ने बाद में तिरुवनंतपुरम के विझिंजम में स्थित अयी राजवंश की स्थापना की। पुस्तक में लिखा है कि अयी राजाओं ने आठवीं और 10वीं शताब्दी के बीच दक्षिणी भारत के कुछ हिस्सों पर शासन किया था। विझिंजम अयी साम्राज्य की प्रशासनिक राजधानी थी, जो एक भारतीय यादव या अयार शासक वंश था। ऐसा माना जाता है कि अयी साम्राज्य ने एक शैक्षिणिक केंद्र स्थापित किया था, जिसे कंथलूर सलाई के नाम से जाना जाता था, जो नौवीं और 10वीं शताब्दी के बीच अस्तित्व में आया था।


**LOST OF DOCUMENTS**

I, Adi Srilekha W/o.Gade V SaiSwaroop, R/o.5-14-037, Block No.10, Rukmini Devi Colony, West Marredpally, Sec'bad TS have lost my Original Registered Sale Deed bearing **Doct.No.2226/2003** of SRO Sangareddy and also lost link Document **No.5327/1997** in respect of **Plot No.463**, area 200 Sq.yds of Sri Sai Gardens, Muthangi village, Patancheru Mandal, Medak Dist while shifting the house from Marredpally to Bowenpally, if anyone found please contact **Ph.No.8885744648**.





# प्लेन का दरवाजा हवा में खोलने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

## यात्रा से पहले पी थी भांग, इंदौर-हैदराबाद फ्लाइट में हुई घटना

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंदौर से हैदराबाद आ रहे प्लेन का दरवाजा हवा में खोलने की कोशिश करने के आरोप में एक यात्री को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एयरलाइन कर्मचारियों की गई शिकायत के आधार पर 29 साल के यात्री को गिरफ्तार किया गया। यह घटना 21 मई की है। पैसेंजर ने प्लेन के यहां राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्लेन के उतरने से कुछ मिनट पहले यह हरकत की थी। इसके पहले इस पैसेंजर ने एयरलाइन स्टाफ के साथ बहस भी की।फ्लाइट के आरजीआईए एयरपोर्ट पर उतरने के बाद एयरलाइन ने यात्री के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पैसेंजर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। एयरपोर्ट थाने के पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी बीमार है और उसकी हेल्थ रिपोर्ट भी पेश की गई



है। इसे ध्यान में रखते हुए, उसे थाने से ही जमानत दे दी गई।

पुलिस ने कहा कि यहां गजुलारामाराम के चंद्रगिरिनगर का रहने वाला पैसेंजर अपने दोस्त के साथ मध्य प्रदेश के उज्जैन गया था और इंदौर से हैदराबाद के लिए प्लेन में सवार हुआ था। एयरलाइन स्टाफ और प्लेन में सवार कुछ यात्रियों ने उसकी अजीब हरकत को देखते हुए उसे दरवाजा खोलने से रोका भी था। कहा जा रहा है कि उसने प्लेन में चढ़ने से पहले भांग पी थी।

बताते चलें कि इसके पहले 10 अप्रैल को हैदराबाद से कोलकाता जा रही फ्लाइट में नशे में धुत एक यात्री ने इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश की थी। आरोपी अबुजर मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया था हालांकि बाद में उसे बेल मिल गई। यह घटना इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6494 में हुई थी। आरोपी अबुजर फ्लाइट की 18एफ सीट पर बैठा था। लैंडिंग के बाद उसने विमान के राइट साइड पर मौजूद ओवर विंग एग्जिट साइड फ्लैप को खोलने की कोशिश की। फ्लाइट में बैठे यात्रियों ने अबुजर को गेट खोलते हुए देखा तो उन्होंने तुरंत केबिन क्रू को बताया। क्रू मेंबर्स ने अबुजर को रोका, लेकिन उसने उनकी बात नहीं सुनी।

# तेलंगाना सरकार का लक्ष्य हैदराबाद को वैश्विक निवेश गंतव्य बनाना



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन उत्तम कुमार रेड्डी ने हैदराबाद को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य में बदलने के राज्य सरकार के उद्देश्य की शनिवार को घोषणा की।श्री रेड्डी ने शनिवार को मियापुर के नरेन गार्डन में एक अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित वेस्ट हैदराबाद प्रॉपर्टी एक्सपो 2024 के उद्घाटन पर यह बात कही। उन्होंने शहर के अंतरराष्ट्रीय विकास और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सरकार के समर्थन पर जोर दिया।उन्होंने कहा, मैं प्रॉपर्टी शो को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि बिल्डर्स कई ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, मध्यम जलवायु, महानगरीय संस्कृति और प्रतिभाशाली कार्यबल के साथ हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय मानकों पर पहुंच गया है। तेलंगाना सरकार भवन और निर्माण उद्योग तथा रियल एस्टेट को अपना समर्थन जारी रखेगी। श्री रेड्डी ने शहर के सभी कोनों में मेट्रो रेल नेटवर्क के नियोजित विस्तार और मुसी नदी के किनारे एक ऐतिहासिक रिवरफ्रंट के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों का उद्देश्य हैदराबाद की वैश्विक छवि को बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने पहुंच और परिवहन में सुधार के लिए 22,000 करोड़ रुपये की क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) परियोजना की भी घोषणा की है।उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य हरित इमारतों सहित टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित करके एक हरित व प्रदूषण मुक्त हैदराबाद का निर्माण करना है। वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के हमारे प्रयास हैदराबाद को एक शीर्ष निवेश गंतव्य बना देंगे जो दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। मुझे उम्मीद है कि यह संपत्ति शो अपने उद्देश्यों को पूरा करेगा और बिल्डरों तथा ग्राहकों दोनों को संतुष्टि प्रदान करेगा।




# केसीआर ने राज्य की जनता को 95 प्रतिशत आरक्षण दिया : केटीआर



**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) ने यहां स्थानीय लोगों के लिए 95 प्रतिशत आरक्षण लागू करने का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को दिया।

तेलंगाना भवन में शनिवार को मीडिया से बात करते हुए, श्री राव ने पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्थानीय नौकरियों में आरक्षण सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार के तहत तेलंगाना के युवाओं को बहुत अन्याय का सामना करना पड़ा, क्योंकि सामान्य श्रेणी की नौकरियों को गैर-स्थानीय के रूप में आवंटित किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों, जिसमें प्रधानमंत्री की पैरवी करना भी शामिल है, से ही स्थानीय लोगों के लिए 95 प्रतिशत आरक्षण हुआ, जो हमारे देश में एक अनूठी उपलब्धि है। विद्यार्थियों, अभिभावकों और बेरोजगारों को इस महत्वपूर्ण बदलाव को पहचानना चाहिए।

श्री राव ने कहा कि बीआरएस सरकार के दौरान दस वर्षों में 26 लाख से अधिक नौकरियों का सृजन हुआ।

उन्होंने कहा, किसी भी अन्य सरकार ने एक दशक में भर्ती के इस स्तर की बराबरी नहीं की है। अगर कोई राज्य हमारे राज्य से अधिक रोजगार सृजन का प्रदर्शन कर सकता है, तो मैं तुरंत विधायक के रूप में अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा।

# तीन दिवसीय भक्ति एवं लोक कल्याण कार्यक्रम आज से




**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** परम पूज्य साध्वी वरिया शासन प्रभावीका प्रवर्तनी पद विभूषिता बेन महाराज साहब वॉचंयमा में श्री जी के संयम जीवन की 75वीं वर्षगांठ पर तीन दिवसीय भक्ति एवं लोक कल्याण के कार्यक्रम की घोषणा शनिवार को दादावाड़ी में की गई। कार्यक्रम संयोजक मानिकचंद समदरिया ने बतलाया कि रविवार को सामूहिक सामायिक करते हुए उनके संयमी जीवन की अनुमोदना की जाएगी। इसी क्रम में 29 मई को श्री आदिनाथ जिनालय में प्रभु जी की भव्य आंगी रचाई जाएगी एवं 8 जून को कुकटपल्ली स्थित भारत विकास परिषद के विकलांग केंद्र में दिव्यांग बंधुओ को कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। श्री राजस्थानी जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजन संघ के अध्यक्ष योगेश गांधी ने सभी धर्म प्रेमियों से इन तीन दिनो के कार्यक्रमों में शामिल होने की विनती की है।

# व्यसनमुक्ति जागरुकता सप्ताह की गतिविधियां आज से 2 जून तक चलेंगी

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** समता युवा संघ के कार्यकर्ता के सदस्य व्यसनमुक्ति जागरुकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी पहलों पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए। उस दौरान समाज में नशे की गंभीर समस्या से निपटने के लिए प्रभावशाली अभियान और कार्यक्रम विकसित करने पर गंभीर चर्चा हुई। इसके अलावा, बैठक ने 2024 से 2026 तक समता युवा संघ हैदराबाद का नेतृत्व करने वाली नई टीम की संरचना पर एक व्यापक चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया गया और समर्पित टीम का चयन सुनिश्चित करने के लिए विचार-विमर्श किया गया।उपयोगी चर्चाओं ने नशे की लत से लड़ने और एक स्वस्थ समुदाय को बढ़ावा देने के लिए समता युवा संघ की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। युवा संघ के अध्यक्ष राजेश रांका के अनुसार आज रविवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वान्ह 11:30 बजे से मातृश्री सायरीबाई पुखराज गांधी जैन भवन, श्री कृष्णनगर में किया जाएगा। उन्होंने बताया की निबंध का विषय व्यसन से कैसे मुक्त हो, व्यसन का हमारे जीवन पर प्रभाव, दूसरों को व्यसनमुक्त कैसे करें। प्रतियोगिता में 8-16 आयु वर्ग और 17 वर्ष और उससे अधिक आयु के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा स्थान। इसी कड़ी मे कला चित्रकला प्रतियोगिता जिस मे प्रतिभागियों को अपनी चित्रकला को बनाकर युवा संघ को जमा करना होगा जिसकी अंतिम तिथि 31 मई, दोपहर 12 बजे रखा गई है। चित्रकला का विषय व्यसन मुक्ति (नशा मुक्ति) पर होगा। इसमें प्रतिभागियों की आयु वर्ग: 8-14 वर्ष और 15 वर्ष और उससे अधिक, इस तरह 2 जून को सुबह 6:15 बजे नशा मुक्ति रैली का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसका मार्ग स्टार अस्पताल (नानकरामगुडा) से इकट्ठा होकर सोलार रूफ साइकिल ट्रैक पर पहुँचेगा और वापस स्टार हॉस्पिटल पर समापन होगा। प्रतियोगिताओं की कलाकृतियां रैली के दौरान प्रदर्शित की जाएंगी। इसके अलावा 31 मई से 1 जून तक ओरल हेल्थ स्क्रीनिंग कैंप स्टार हॉस्पिटल, बंजारा हिल्स और फ़ाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट शाखा पर रखा जाएगा। हॉस्पिटल के पल्मोनोलॉजिस्ट और सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा परामर्श एवं आरबीएस, पीएफटी के निःशुल्क जांच की जाएगी। युवा मंत्री सुजित श्रीमाल एवं युवा कोषाध्यक्ष भरत सिंगवी ने कहा की इन सभी आयोजनों में भाग लेने और नशामुक्ति जागरूकता सप्ताह की सफलता में योगदान देने का आग्रह करता है। आइए हम एक साथ मिलकर एक स्वस्थ और व्यसन मुक्त समाज का निर्माण करें।




# तेलंगाना में अगले 24 घंटे में बारिश होने के आसार

**हैदराबाद, 25 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के कई जिलों के अलग-अलग स्थानों में अगले 24 घंटे में 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने के साथ-साथ बारिश होने के आसार हैं।मौसम विज्ञान केन्द्र ने शनिवार को कहा कि करीमनगर, पेद्दापल्ली, मुलुगु, कोठागुडेम, खम्मम, सूर्यापेट, महबूबाबाद, वारंगल और हनमकोंडा सहित अन्य जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान धूल भरी आंधी चलने और वर्षा हो सकती है। अगले 48 घंटों के दौरान राज्य में अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान है। वहीं 27-31 मई तक तेलंगाना में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं।



विधान परिषद सदस्य महेश कुमार गौड़ एनटीआर स्टेडियम में आयोजित हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.